PRINT

# आज

| Regional News Paper | Edition: Ranchi (Jharkhand) | Circulation: NA |
| --- | --- | --- |
| Date: 23.07.2026 | Page No | Serial No.: |

## सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई मुराईडीह खास ओबी के पीछे से 62 टन अवैध कोयला बरामद



**बाघमारा:** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एरिया-1 बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह खास ओबी के पीछे से लगभग 62 टन अवैध कोयला बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ के डीआईजी राजीव मिश्रा के कड़े निर्देशों और मार्गदर्शन में बल द्वारा यह छापामारी की गई। खुफिया इनपुट के आधार पर की गई इस कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंचकर लगातार आगे की कानूनी और विभागीय कार्रवाई में जुटी हुई है। क्षेत्र में अवैध कोयला खनन और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहने की संभावना है। अवैध खनन और भंडारण को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए माइंस एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट की तहत करवाई कर रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि खदान क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध कोयला तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब इस बात की जांच कर रही है कि यह कोयला एरिया 1 के मुराईडीह खास ओबी के पास कहा से आया या माइंस से अवैध तरीके से निकाला गया है या इसे कहीं और से लाकर यहां डंप किया गया था। जांच का दायरा उन लोगों तक भी बढ़ाया जा रहा है जो इस अवैध परिवहन और भंडारण के पीछे शामिल हैं। सीआईएसफ ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियां दिखाई दें, तो वे तत्काल इसकी सूचना विभाग को दें।